सेंट सिसीलियास पब्लिक स्कूल

हिन्दी दिवस

VI-VIII

हिन्दी दिवस पर आयोजित गतिविधियों पर रिपोर्ट

तिथि – 12-09-2022

करते हैं तन-मन से वंदन ,
जन-गण-मन की अभिलाषा का ,
अभिनंदन अपनी संस्कृति का ,
आराधन अपनी भाषा का |

हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में दिनांक 12-09-2022 को विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया । अर्द्धवार्षिक परीक्षाओं के कारण गतिविधियों का आयोजन दिनांक 14-09-2022 के स्थान पर दिनांक 12-09-2022 को किया गया। बच्चों ने उत्साहपूर्वक एवं सफलतापूर्वक गतिविधियों में भाग लिया।

छठी कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा **काव्य पाठ** का सस्वर वाचन करते हुए भाव अभिव्यक्ति प्रस्तुत की गई एवं भाषा के शुद्ध उच्चारण का उदाहरण प्रस्तुत किया गया।

सप्तम कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा **संवाद अभिव्यक्ति** का प्रस्तुतीकरण किया गया। छात्रों ने हिंदी भाषा में धाराप्रवाह बोलने का अनूठा प्रयास किया।

आठवीं कक्षा के छात्रों ने **विज्ञापन** की मौखिक अभिव्यक्ति करते हुए अपने उत्पाद को आकर्षक एवं मनोरंजक भाषा में विज्ञापित किया।

इन गतिविधियों में छात्रों ने उत्साहपूर्वक एवं सफलतापूर्वक भाग लिया।